सत्यमेव जयते
भारत सरकार

मोदी 2.0 का एक वर्ष

आत्मनिर्भर भारत की ओर

प्रस्तावना

देश और विश्व 2020 की शुरुआत से ही कोविड-19 महामारी के अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रहा है। सारी दुनिया के लोग लॉकडाउन में हैं और लोग इस बीमारी से लड़ने और इसके संक्रमण को फैलने से रोकने के उपाय खोजने के लिए संघर्षरत हैं।

दो गज की दूरी और जीवन शैली में बदलाव एक नए रुप में सामने आया है, इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पहला ऐसा देश है , जिसने ठोस और व्यापक रणनीति के साथ वायरस के प्रसार को रोका और कोविड-19 के संक्रमण की संख्या को कम किया।

डब्ल्यू एच ओ जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भारत सरकार के वैश्विक महामारी से लड़ने के प्रयास की प्रशंसा की है।

भारत उन गिने-चुने देशों में से एक है जिसने कोविड-19 के 500 से भी कम मामलों के पहले ही संपूर्ण लॉकडाउन की घोषणा की थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नागरिकों ने कोविड-19 के प्रसार को रोकने में अपनी पूरी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया।

भारत ने इस संकट को एक अवसर में बदलने की पूरी कोशिश की जिससे ये आत्मनिर्भरता के माध्यम के रूप में उभरा, और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम उठाए गये।

जब कोरोना संकट शुरु हुआ था, तब भारत में एक भी पी पी ई किट नहीं बनाई जाती थी। भारत में एन-95 मास्क भी बहुत कम मात्रा में तैयार किए जाते थे।

आज हम प्रतिदिन 2 लाख पी पी ई किट तथा 2 लाख एन-95 मास्क तैयार करने की स्थिति में हैं। हम ऐसा करने में सफल रहे क्योंकि भारत ने इस संकट को एक अवसर में बदल दिया।

भारत का दृष्टिकोण - संकट को अवसर में बदलना - हमारे संकल्प स्वावलंबी भारत के लिए कारगर साबित होंगे।

इस दिशा में प्रधानमंत्री ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और विकास को बनाए रखने के लिए 20 लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन पैकेज घोषित किया जो सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 10% है।

प्रस्तावना

मोदी सरकार 2.0 के पहले वर्ष में ही इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई महत्त्वपूर्ण सुधार पहले ही लागू किए जा चुके हैं। भारत को विश्व की एक सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनाने में कार्पोरेट करों में भारी कटौती, बड़ी विनिवेश घोषणाएं, श्रम कोड सुधार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का समेकन तथा दिवाला एवं दिवालियापन संहिता की निरंतर सफलता जैसे महत्वपूर्ण सुधार सरकार द्वारा मई, 2019 अब तक किए जा चुके हैं।

अप्रैल-मई 2019 में आम चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सत्ता में भारी बहुमत से वापसी हुई।

सरकार ने ऐसे अनेक महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए जिससे भारत का कायापलट हुआ और ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। इनमें सबसे पहले अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त कर देश की दशकों पुरानी मांग को पूरा किया गया।

अयोध्या राम जन्मभूमि से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय के बाद स्थिति को संभालने के दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उनकी दूरदर्शिता एक बार फिर साबित हुई।

सदियों पुराने रोहिंग्या शरणार्थी विद्रोह की समाप्ति तथा पूर्व कार्यकर्ताओं को मुख्यधारा में शामिल कर त्रिपुरा में शामिल किया जाना और बोडो समझौता, प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' दृष्टिकोण की एक विलक्षण पहचान है।

कई अन्य वादे जैसे की पीएम-किसान योजना का लाभ सभी किसानों को देने, छोटे व्यापारियों और किसानों को पेंशन देने, एक एकीकृत जल शक्ति मंत्रालय का गठन करने और बहुत कुछ पहले ही पूरे किए जा चुके हैं।

निम्नलिखित पृष्ठ पिछले एक साल में मोदी 2.0 सरकार द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णयों, भारत के इतिहास में एक निर्णायक अवधि और एक नए भारत, एक उज्ज्वल भारत की शुरुआत का संक्षिप्त विवरण देते हैः-

कोविड-19 के विरुद्ध

भारत की लड़ाई में शीर्ष पर प्रधानमंत्री

- कोरोना वायरस के प्रसार को कम करने और कोविड-19 से लड़ने के विभिन्न पहलुओं पर विभिन्न हितधारकों के साथ प्रतिदिन बैठकें की
- मंत्रियों के साथ बातचीत की और लगातार उनसे कोरोना वायरस से संबंधित मुद्दों पर नियमित फीडबैक लिए

https://pib.gov.in/PhotoCategories.aspx?MenuId=8

- कैबिनेट सचिव, प्रधान सचिव प्रधानमंत्री, स्वास्थ्य सचिव, गृह सचिव से नियमित तौर पर ब्रीफिंग ली।
- वित्तीय, कृषि, शिक्षा, नागरिक उड्डयन, विद्युत क्षेत्रों की समीक्षा के लिए बैठकें की।
- प्रतिदिन 150 से अधिक लोगों के साथ बातचीत की।
- नियमित रूप से फोन के जरिये और व्यक्तिगत रूप से डॉक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्यकर्मियों, सफाईकर्मियों, कोविड रोगियों और इस बीमारी से ठीक हुए लोगों से बातचीत की।
- प्रिंट मीडिया, टीवी चैनलों, रेडियो जॉकी, धार्मिक नेताओं, गैर-सरकारी संगठनों / सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की।
- प्रधानमंत्री ने अलग से विदेशों के विभिन्न प्रमुखों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत की।
- डॉक्टरों और चिकित्सा पेशेवरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस किए
- फार्मा सेक्टर और आयुष चिकित्सकों के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत की ।

राज्यों के साथ मिलकर काम किया

20 मार्च से 11 मई के बीच प्रधानमंत्री ने कोविड-19 की चुनौतियों से निपटने के प्रयास में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मुख्यमंत्रियों के साथ 5 बार बातचीत की।

उदाहरण के तौर पर आगे रहे

प्रधानमंत्री ने घोषणा करके लोगों द्वारा दो गज की दूरी बनाए रखने के प्रयास की भावना के चलते होली उत्सव में भाग नहीं लिया।

राष्ट्र के नाम संबोधन

श्री नरेंद्र मोदी ने 19 मार्च के बाद से पांच बार राष्ट्र को संबोधित किया और लोगों को लॉकडाउन का पालन करने और दो गज की दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

https://www.youtube.com/watch?v=P4QjOhu9eIQ

दो गज की दूरी

देश भर में ग्राम पंचों के साथ अपनी बातचीत में, प्रधानमंत्री ने नागरिकों से लोगों के बीच दो गज की दूरी बनाए रखने के लिए कहा।

https://www.youtube.com/watch?v=GVgj9MQkS-0

"आत्मनिर्भर और स्वावलंबी ये दोनों बड़े सबक कोरोना महामारी से सीखे गए- पीएम

कोविड-19 आर्थिक प्रतिक्रिया कार्य बल

महामारी के कारण होने वाली आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए, प्रधानमंत्री ने केंद्रीय वित्तमंत्री की देखरेख में कोविड -19 आर्थिक प्रतिक्रिया कार्य बल 'बनाने की घोषणा की।

1.7 लाख करोड़ रुपए के वित्तीय पैकेज की घोषणा की

नरेंद्र मोदी सरकार ने 26 मार्च को 1.7 लाख करोड़ रुपये के वित्तीय पैकेज की घोषणा की, जो गरीबों को दी जाने वाली आपातकालीन नकद हस्तांतरण पर केंद्रित है।

संकट की घड़ी में पड़ोसियों को साथ लाना

प्रधानमंत्री ने सार्क पड़ोसियों का नेतृत्व किया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोविड -19 के खिलाफ क्षेत्रों की लड़ाई को कारगर बनाया

https://www.youtube.com/watch?v=tkQQYFQP9zM

असाधारण अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री ने 26 मार्च को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जी -20 के नेताओं के साथ बातचीत की

प्रधानमंत्री ने 4 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से NAM संपर्क समूह के साथ भी बातचीत की

https://www.youtube.com/watch?v=VtR1CWjDXYs

प्रधानमंत्री की अंतर्राष्ट्रीय नेताओं के साथ बातचीत

प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, खाड़ी और पश्चिम एशिया के विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों सहित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय नेताओं और राष्ट्राध्यक्षों के साथ फोन पर बात की।

पीएम गरीब कल्याण योजना

- पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत कोरोना वायरस से प्रभावित गरीबों की मदद के लिये 26 मार्च 2020 को 1.70 लाख करोड़ रुपए का राहत कोष घोषित।
- कोविड 19 से लड़ रहे हर चिकित्सा कर्मी को 50 लाख का बीमा कवर दिया जाएगा।
- 80 करोड़ गरीब परिवारों को अगले तीन महीने तक हर माह 5 किलो गेहूं या चावल और एक किलो पसंद की दाल मुफ्त दी जाएगी।
- जन धन खाता धारक 20 करोड़ महिलाओं को अगले तीन महीने तक प्रतिमाह 500 रुपए दिए जाएंगे।
- 8 करोड़ गरीब परिवारों को 1 अप्रैल 2020 से अगले तीन महीने तक मुफ्त एलपीजी सिलिंडर।
- मनरेगा मजदूरी को 182 रुपए से बढ़ाकर 202 रुपये प्रतिदिन किया गया। इससे 13.62 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा।
- 3 करोड़ गरीब वृद्ध जनों, गरीब दिव्यांगजनों और गरीब विधवाओं को 1000 रुपए की एक्सग्रेसिया राशि।
- पीएम किसान योजना के तहत अप्रैल के पहले सप्ताह में 9.72 करोड़ किसानों को 2,000 रुपए दिये गए।
- भवन और निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों राहत पहुंचाने के लिये केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को श्रमिक कल्याण कोष का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं।
- सरकार ने 100 से कम श्रमिकों वाले व्यवसायों में प्रति माह 15,000 रुपये से कम वेतन पाने वाले मजदूरों के पीएफ खाते में अगले तीन महीनों के लिए मासिक मजदूरी का 24 प्रतिशत भुगतान करने का निर्णय लिया।
- 3 करोड़ वृद्ध विधवाओं और दिव्यांगजनों को राहत देने के लिए अगले तीन माह में 1,000 रु प्रति व्यक्ति दिये जाएंगे।
- 63 लाख स्वयं सहायता समूहों(एसएचजी) के माध्यम से महिलाओं के लिए संपार्श्विक मुक्त उधार की सीमा 10 रुपये से बढ़ाकर 20 लाख की गई।
- संगठित क्षेत्र - कर्मचारी भविष्य निधि रेगुलेशन में संशोधन करके इसमें महामारी को शामिल किया गया जिसके तहत अब फंड की 75 प्रतिशत गैर-वापसी योग्य राशि या तीन महीने की मजदूरी की अग्रिम राशि में से जो भी कम हो, उनके खातों से निकाली जा सकेगी।
- राज्य सरकारों को जिला खनिज निधि (DMF) के तहत उपलब्ध फंड का उपयोग मेडिकल जांच, स्क्रीनिंग और अन्य आवश्यक गतिविधियों के लिये करने को कहा जाएगा जिससे कोविड 19 के फैलाव को रोका जा सके और रोगियों का बेहतर उपचार किया जा सके।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिये 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की।

https://www.youtube.com/watch?v=aIXSG9d-0rU

आत्मनिर्भर भारत अभियान

एक आत्मनिर्भर भारत के लिए अपने आहवाहन में, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकास को बनाए रखने के लिए पांच स्तंभों पर जोर दिया: अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढाँचा, प्रणाली (आधुनिक तकनीक पर आधारित), वाइब्रेन्ट जनसांख्यिकी और मांग।

प्रधानमंत्री ने भूमि, श्रम, तरलता और कानूनों पर केन्द्रित 20 लाख करोड़ रुपए के आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की

https://www.youtube.com/watch?v=aIXSG9d-0rU

गरीबों के लिए राहत, प्रवासियों और व्यथित लोगों के लिए मुफ्त खाद्यान, सस्ता ऋण, किफायती आवास

प्रवासी

3500 करोड़ मुफ्त खाद्यान्न- 8 करोड़ प्रवासियों को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं/चावल और प्रति परिवार 1 किलो दाल

सड़क विक्रेता

सड़क विक्रेताओं के लिए 5000 करोड़ रुपए की विशेष ऋण सुविधा- 5 लाख सड़क विक्रेताओं को लाभ।

रोजगार सृजन

- **रोजगार को बढ़ावा देने के लिए मनरेगा के बजट मे 1,01,500 करोड़ की वृद्धि।**
  - कुल मिलाकर लगभग 300 करोड़ व्यक्ति दिवस के बराबर रोजगार का सृजन होगा।
  - लौट रहे प्रवासी मजदूरों की अधिक रोजगार की मांग को पूरा करेगा।
  - जल संरक्षण परिसंपत्तियों सहित टिकाऊ और आजीविका संबंधी परिसंपत्तियों के बड़ी संख्या में सृजन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा।

मुद्रा ऋण

- शिशु मुद्रा ऋण के लिए 1500 करोड़ रुपए की मुद्रा ऋण राहत।
- 12 माह की अवधि के लिए ब्याज दर में 2% की कटौती।

शहरी आवास

- 6 से 18 लाख रुपए सालाना आय वालों के लिए 70,000 करोड़ रुपए की ऋण सहायता योजना।
- किफायती आवास - प्रवासी मजदूरों और गरीब शहरी लोगों के लिए योजना।

  - किफायती किराए के आवास परिसर - शहरों में सरकारी निधि से बने घरों को किफायती किराए के आवासीय परिसरों में परिवर्तित करना (सीएआरएचसी) भूमि पर एआरएचसी विकसित करने के लिए उद्योगों, राज्य और केंद्रीय सरकार की एजेंसियों को प्रोत्साहित करना।

किसानों की मूल्य निर्धारण की शक्तियों में वृद्धि, ऐतिहासिक बाधाओं को दूर करना।

अनिवार्य वस्तु अधिनियम में संशोधन

- किसानों को बेहतर मूल्य निर्धारण उपलब्ध करवाएगा।
- यह अनाज सहित खाद्य पदार्थों को अनियमित करेगा जो उद्योग को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने और निवेश को आकर्षित करने में मदद करते हैं।

किसान

- किसान ऋण कार्ड के माध्यम से 2 लाख करोड़ रुपए का रियायती ऋण- 2.5 करोड़ किसान और मछुआरों के लिए ।
- 30,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आपातकालीन कार्यशील पूंजी निधि- नाबार्ड – 3 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों को लाभ।

कृषि अवसंरचना निधि

- 1 लाख करोड़ रुपए – कृषि इन्फ्रा परियोजनाओं के लिए वित्तीय सुविधा

मत्स्य

- 20,050 करोड़ रुपए – प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए।
- समुद्री गतिविधियों, अंतर्देशीय मत्स्य पालन और जलचर के लिए 11,000 करोड़ रुपए ।
- मछली पकड़ने के बंदरगाहों, कोल्ड चेन, बाजारों आदि को 9000 करोड़ रुपए।

पशुपालन - 15,000 करोड़ रुपए के जरिये – डेयरी प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और पशु आहार अवसंरचना में निजी निवेश करना ।

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम – 13,343 करोड़ रुपए पशुओं के पैर और मुँह की बीमारी और ब्रूसीलोसिस के टीकाकरण हेतु

जड़ी-बूटी की खेती को बढ़ावा देना - 4000 करोड़ रुपए का परिव्यय – दो साल में 10,00,000 हेक्टेयर कवर किया जाना है।

मधुमक्खी पालन – मूल संरचना को विकसित करने के लिए 500 करोड़ – 2 लाख किसानों को लाभ

ऑपरेशन ग्रीन- 500 करोड़ रुपए की इस सहायता को टमाटर, प्याज, आलू से बढ़ाकर सभी सब्जियों और फलों के लिए प्रयोग किया जाना ।

सूक्ष्म खाद्य उद्यम – 10 हजार करोड़ रुपए – 2 लाख सूक्ष्म खाद्य उद्यम के लिए खाद्य मानकों को प्राप्त करने, ब्रांड बनाने और, विपणन के लिए तकनीकी उन्नयन की जरूरत को पूरा करने हेतु

छोटे उद्योग और व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए **5.94 लाख करोड़** की सहायता ।

एमएसएमई

- एमएसएमई की परिभाषा को विस्तृत किया गया
- 3 लाख करोड़ रुपए के संपाश्विक मुक्त स्वचालित ऋण
- कमज़ोर एमएसएमई को 20,000 करोड़ रुपए का मातहत ऋण।
- निधियों की निधि के माध्यम से 50,000 करोड़ रुपए का इक्विटी इन्फ्यूज़न

एनबीएफसी

- एनबीएफसी/एचएफसी/एमएफआई को 30,000 करोड़ रुपए की सहायता।
- केवल एनबीएफसी के लिए 45,000 करोड़ रुपए की सहायता।



ईपीएफ

- व्यापार और कर्मचारियों के लिए 3 माह हेतु 6750 करोड़ रुपए के ईपीएफ योगदान में कमी ।
- व्यापार और कर्मचारियों के लिए 3 माह हेतु 2500 करोड़ रुपए की ईपीएफ सहायता ।

पॉवर डिस्कॉम – 90,000 करोड़ रुपए की सहायता

- बिजली वित्त निगम और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की सहायता हेतु डिस्कॉम को दो समान किस्तों में 90,000 करोड़ रुपए की सहायता ।

200 करोड़ रुपए तक की निविदाएं अब वैश्विक नहीं

विभिन्न क्षेत्रों का खुलना

एफडीआई में वृद्धि -
लालफीताशाही को कम किया गया

रक्षा:

- रक्षा उत्पाद में एफडीआई में 49% से 74% की वृद्धि
- हथियारों/प्रणालियों की सूची जिनके आयात पर प्रतिबंध होगा।
- आयातित हिस्से पूर्जों के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना।
- आयुध निर्माणी बोर्ड का निगमन

नागर विमानन

- भारतीय एयर स्पेस के प्रतिबंधों मे कमी कर यात्री विमान की क्षमता बढ़ाने, ईंधन बचाने और विश्व स्तरीय हवाई अड्डों के लिए प्रयास।
- पीपीपी रुट के माध्यम से और अधिक विश्व स्तरीय हवाई अड्डे: दूसरे चरण की बोली के लिए 6 और हवाई अड्डों की पहचान की गई।
- पहले और दूसरे चरण में 12 हवाई अड्डों के लिए निजी निवेशकों द्वारा अतिरिक्त निवेश जिससे 13,000 करोड़ रुपए प्राप्त होने की संभावना है।
- तीसरे चरण की बोली के लिए 6 अन्य को अधिसूचित किया गया
- वायुयानों के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल के लिए भारत को वैश्विक केंद्र बनाना।

ऊर्जा क्षेत्र

- उपभोक्ता अधिकारों, उद्योग को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र की सततता सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा क्षेत्र की ऊर्जा नीति में सुधार।
- संघ राज्य क्षेत्र के ऊर्जा विभाग/संघ राज्य क्षेत्रों में उपयोगिताओं के वितरण का निजीकरण किया जाएगा।



अंतरिक्ष क्षेत्र

- सेटेलाइट प्रक्षेपण और अन्य अंतरिक्ष आधारित सेवाओं में निजी संस्थानों को अनुमति।
- निजी क्षेत्र को उनकी क्षमता में सुधार के लिये इसरो की सुविधाओं और अन्य संपत्तियों का उपयोग करने की अनुमति।
- ग्रहों की खोज, अंतरिक्ष यात्रा आदि भविष्य की परियोजनाओं में भी निजी क्षेत्र को अनुमति।

सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर

- सामाजिक अवसंरचना में निवेश करने वाली निजी परियोजनाओं के लिए 8100 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ सरकार की 'व्यवहार्यता गैप फंडिंग' मौजूदा 20% से बढ़ाकर 30% की गई।

कोयला - कोयले के आयात को कम करने और आत्म निर्भरता को बढ़ाने की आवश्यकता

- कोयला क्षेत्र में वाणिज्यिक खनन की शुरुआत।
- निश्चित रुपए या टन की नीति की बजाए राजस्व साझाकरण तंत्र।
- कोई भी समूह कोयला ब्लॉक के लिए बोली लगा सकता है और खुले बाजार में बेच सकता है।
- प्रवेश मानदंडों को उदार बनाया जाएगा और लगभग 50 ब्लॉकों को तुरंत खोला जाएगा।
- राजस्व हिस्सेदारी में छूट के माध्यम से कोयला गैसीकरण/ द्रवीकरण को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 50,000 करोड़ रुपए का आवंटन।

खनन

- खनिज क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा।
- एक निर्बाध एवं समग्र अन्वेषण-सह-खनन-सह-उत्पादन व्यवस्था को प्रोत्साहन।
- 500 खनन ब्लॉकों को एक खुली और पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से खोला जाएगा।
- एल्यूमिनियम उद्योग में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए बॉक्साइट और कोयला खनिज ब्लॉकों की संयुक्त नीलामी।
- बंदी और गैर-बंदी खानों के बीच के अंतर को खत्म किया जाएगा।

स्वास्थ्य देखभाल का विकास

- प्रधानमंत्री द्वारा 15,000 करोड़ रुपये के स्वास्थ्य पैकेज का ऐलान।
    - हेल्थकेयर के लिए 15,000 करोड़ रुपये का इमरजेंसी वित्तीय पैकेज – इसका उपयोग चिकित्सा पेशेवरों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, ज्यादा आइसोलेशन वार्ड, आईसीयू बेड, और चिकित्सा और पैरामेडिकल स्टाफ के प्रशिक्षण के लिए होगा।
- 800 से अधिक कोविड हॉस्पिटल्स का निर्माण।
- लैब्स में 1 से लेकर 300 से अधिक की बढ़ोतरी।
- पीपीई और मास्क का निर्माण शून्य से बढ़कर 4 लाख तक हुआ।
- फेस मास्क(2 प्लाई 3 पलाई सर्जिकल मास्क, N95 मास्क) और हैंड सेनिटाइज़र को 30 जून 2020 तक की अवधि के लिए आवश्यक वस्तु घोषित किया गया।
- हैंड सैनिटाइज़र के निर्माण में कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त अल्कोहल की कीमतें दिनांक 05.03.2020 की प्रचलित कीमत से अधिक नहीं होंगीं।
- तीन लेयर वाले सर्जिकल मास्क की अधिकतम कीमत 16 रुपए प्रति नग से अधिक नहीं होगी।



राज्य सरकारों को वित्त पोषण

- कोविड 19 संकट के दौरान विभिन्न राज्य सरकारों को अपने वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए कुल 17,287.08 करोड़ जारी किए गए।
- 15 वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत इसमें 14 राज्यों - आंध्र प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, पंजाब, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल - 'राजस्व घाटा अनुदान' के तहत 6,195.08 करोड़ रुपए।
- शेष 11,092 करोड़ रुपए सभी राज्यों को केंद्रीय हिस्से के एसडीआरएफ की पहली किस्त के अग्रिम भुगतान के रूप में दिए जाएंगे।

बजटीय सहायता और रिफंड

- "स्पेशल रिफंड और ड्राबैक डिस्पोजल ड्राइव" - व्यावसायिक संस्थाओं, विशेष रुप से एमएसएमई की मदद करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर 18,000 करोड़ रुपये के रिफंड दिये गए।
- प्रत्यक्ष कर - 5 लाख तक के सभी लंबित आयकर रिफंड को तुरंत जारी कर लगभग 14 लाख करदाताओं को लाभ पहुंचाया गया।
- सीमा शुल्क - वेंटिलेटर, फेस मास्क, सर्जिकल मास्क, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) कोविड -19 परीक्षण किट के निर्माण के लिए आयात पर बेसिक सीमा शुल्क और स्वास्थ्य उपकर से छूट दी गई।

कोविड-19 से संबंधित आयातों की सीमा-शुल्क में छूट

निम्नलिखित वस्तुओं के आयात पर तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर, 2020 तक मूल सीमा शुल्क और स्वास्थ्य उपकर में दी गई छूट-

- वेंटिलेटर,
- फेस मास्क, सर्जिकल मास्क,
- व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई)
- कोविड-19 परीक्षण किट
- उपरोक्त वस्तुओं के निर्माण के लिए इनपुट

कोविड-19 के दौरान एमएसएमई और अन्य कंपनियों को सुविधा देना

- कोविड 19 की वजह से उभरते वित्तीय संकट के कारण, सरकार ने भारतीय दीवालिया कानून(आईबीसी) 2016 के तहत डिफ़ॉल्ट की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दिया है। यह एमएसएमई के मामलों में इनसॉल्वेंसी की कार्यवाही को गति देगा।
- अस्थायी/आकस्मिक/ दैनिक वेतन श्रमिकों को एक्सग्रेशिया भुगतान करने के लिये कारपोरेट सोशल दायित्व फंड के उपयोग की अनुमति।
- वीसी या ओएवीएम के माध्यम से असाधारण सामान्य बैठकें (ईजीएम) रखने की अनुमति वाली कंपनियों ने ई-वोटिंग सुविधा के साथ पूरक/ पंजीकृत ईमेल के माध्यम से मतदान को सरल बनाया, ताकि शेयरधारकों को शारीरिक रुप से इकट्ठा होने की आवश्यकता न हो।

अंतर्राष्ट्रीय सहायता प्रदान की गई

- भारत ने अमेरिका और ब्राज़ील को हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन के निर्यात की अनुमति दी जहां कोविड-19 के हजारों मामले सामने आए हैं।
- भारत द्वारा हाइड्रोक्सीक्लोरोक्विन, पेरासिटामोल और अन्य सामग्री इज़राइल, अफ़ग़ानिस्तान शार्क देशों और अफ्रीकन नेशन को भेजे गए।

प्रवासियों को घर भेजना

श्रमिक एक्सप्रेस

- रेलवे ने लॉकडाउन के कारण फंसे प्रवासी मजदूरों, तीर्थयात्रियों, पर्यटकों, छात्रों और अन्य लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए "श्रम दिवस" 1 मई 2020 से "श्रमिक स्पेशल" ट्रेनों की शुरुआत की।
- अब तक 45 लाख से अधिक यात्री अपने गृह राज्य पहुंचाए जा चुके हैं।
- संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए देश भर में 3270 ट्रेनें चलाई जा रही हैं।
- प्रवासियों को 74 लाख से अधिक मुफ्त भोजन और 1 करोड़ से अधिक पानी की बोतलें प्रदान की गईं।

विदेशों में फंसे हुए भारतीयों की वापसी

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने विदेश में फंसे 40,000 से अधिक भारतीयों को वापस देश में लाने का काम किया है।
- फरवरी से अप्रैल 2020 तक 48 विदेशियों सहित लगभग 2500 भारतीयों को गंभीर रुप से प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित निकाला गया।
- भारत के 72 शहरों से 58,000 से अधिक विदेशी नागरिकों को भारत सरकार द्वारा उनके देश वापस भेजने की सुविधा प्रदान की गई है।
- 7 मई 2020 से भारत ने दुनिया भर में कोविड-19 लॉकडाउन के कारण विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए वंदे भारत मिशन आरंभ किया।
- 193 हवाई उड़ानों और 3 नौसेना के जहाजों द्वारा 27 मई 2020 तक 37,340 से अधिक लोगों को स्वदेश वापस लाया गया।

लाइफलाइन उड़ान मिशन

कोविड -19 के खिलाफ भारत की लड़ाई के क्रम में देश के दूरदराज के हिस्सों में आवश्यक चिकित्सा कार्गो के परिवहन के लिए 26 मार्च 2020 से 'लाइफलाइन उड़ान' संचालित की जा रही हैं।

- 23 मई, 2020 तक एयर इंडिया, एलायंस एयर, भारतीय वायुसेना और निजी वाहकों द्वारा 'लाइफलाइन उड़ान' के तहत 571 उड़ानें संचालित की गईं। इनमें से 315 उड़ानें एयर इंडिया और एलायंस एयर द्वारा संचालित की गई हैं ।
- इन उड़ानों के माध्यम से लगभग 916.49 टन चिकित्सा सामान का परिवहन किया गया है।
- इसमें देश के उत्तर पूर्व क्षेत्र, द्वीप क्षेत्रों और पहाड़ी राज्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

कोविड राहत कार्यों में सशस्त्र बलों की प्रमुख भूमिका

- सशस्त्र बलों ने कोविड-19 प्रभावित देशों जैसे चीन, ईरान, इटली, मलेशिया आदि में फंसे भारतीयों को राहत सामग्री प्रदान करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई है।
- सशस्त्र बलों ने अपने मेडिकल और अन्य स्टाफ को तैनात कर देश भर में राहत सामग्री पहुंचाई है।
- कोविड-19 के मरीजों के इलाज और उन्हें क्वारंटाइन करने के लिए सशस्त्र बलों के अस्पताल और चिकित्सा सुविधाओं आदि का उपयोग किया जा रहा है।

ऑपरेशन समुद्र सेतु

- भारतीय नौसैनिक जहाज जलाश्व और मगर द्वारा मालदीव से कुल 1488 भारतीय नागरिकों को सफलतापूर्वक वापस लाया गया।
- भारतीय नौसेना के जहाज केसरी ने मालदीव, मॉरीशस, सेशेल्स, मेडागास्कर और कोमोरोस में खाद्य पदार्थ, कोविड संबंधित दवाएं एचसीक्यू की गोलियां सहित विशेष आयुर्वेदिक दवाएं और चिकित्सा सहायता टीमों की सेवाएं प्रदान कीं।

कोविड -19 से लड़ने के लिए हैंड-सैनिटाइज़र का उत्पादन

- श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगभग 165 डिस्टिलरी और 962 स्वतंत्र निर्माताओं को देश भर में हैंड-सैनिटाइज़र बनाने के लिए लाइसेंस दिए गए, जिसके परिणामस्वरुप 11.05.2020 तक 87,20,262 लीटर हैंड-सैनिटाइज़र का उत्पादन हुआ है।

पीपीई का उत्पादन

- भारत अब तक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) और एन -95 मास्क के आयात पर निर्भर था।
- प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार ने आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित किया।
- भारत ने जनवरी 2020 के अंतिम सप्ताह में पीपीई और एन-95 मास्क का उत्पादन शुरू किया।
- 12.05.2020 तक कुल 41.91 लाख पीपीई किट और 75.94 लाख एन-95 मास्क भारत में बनाए गए हैं। देश में पीपीई का उत्पादन 3.20 लाख प्रतिदिन होने का अनुमान है।

कोविड -19 की जाँच के लिए स्वदेशी स्वैब स्टिक्स: ए मेक इन इंडिया स्टोरी



- वैश्विक आपूर्ति बाधित होने पर और देश में परीक्षण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भारत ने उच्च गुणवत्ता, कम लागत वाले परीक्षण स्वैब का उत्पादन करने के लिए कमर कसी जो देश के लाखों लोगों के लिए उपलब्ध हो सके।
- माननीय प्रधानमंत्री के निर्देशन में भारत एक उच्च गुणवत्ता वाले कोविड परीक्षण स्वैब का निर्माण करने के लिए तैयार था।
- 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत अवधारणा से उत्पादन मात्र सात दिनों में डिजाइन, अधिप्रमाणन और अनुमोदन सहित सारी औपचारिकताएं गंभीर लॉकडाउन परिस्थितियों में पूरी की गईं।
- 6 मई, 2020 से स्वैब का उत्पादन शुरु हुआ।
- इससे रिकॉर्ड समय में आयातित स्वैब से बेहद आंशिक मूल्य पर लाखों उच्च गुणवत्ता वाले परीक्षण स्वैब का उत्पादन हुआ।

संसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडीएस) का दो वर्षों तक गैर संचालन

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कोविड 19 के प्रसार को रोकने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों के तहत दो साल (2020-21 और 2021-22) के लिए संसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना **(एमपीएलएडीएस)** को लागू नहीं करने का फैसला किया है। इस फंड का उपयोग देश में कोविड19 की चुनौतियों और प्रतिकूल प्रभाव के प्रबंधन में सरकार के प्रयासों को मजबूत करने के लिए किया गया।

PM CARES
Prime Minister's Citizen Assistance and Relief in Emergency Situations Fund

पीएम केयर फंड का निर्माण

- एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट - 'प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और आपातकालीन स्थिति राहत निधि' (पीएम केयर फंड) का गठन।
- किसी भी तरह के आपातकालीन या संकट की स्थिति से निपटने जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल या किसी अन्य प्रकार की मानव निर्मित या प्राकृतिक आपदा में इसका उपयोग होगा।
- कोविड -19 के विरुद्ध संघर्ष करने के लिये पहले से ही 3100 करोड़ रु प्रदान किये जा चुके हैं।
  - वेंटिलेटर की आपूर्ति बढ़ाने के लिए 2000 करोड़ रुपये
  - प्रवासियों के लिए 1000 करोड़ रुपये
  - टीकाकरण विकास के लिए 100 करोड़ रुपये

एक वर्ष के लिए सांसदों के पारिश्रमिक में 30% की कमी और केंद्रीय कर्मचारियों के लिए मंहगाई भत्ता जुलाई 2021 तक रोक दिये गए हैं।

नोवेल कोरोनावायरस से निपटने के उपायों के बारे में जागरूकता और प्रसार

- दूरदर्शन और आकाशवाणी और उनके प्रादेशिक चैनलों के माध्यम से टीवी, रेडियो और यूट्यूब पर वर्चुअल क्लासेस और अन्य शैक्षिक सामग्री प्रसारित कर रहे हैं।
- फेक न्यूज़ से निपटने के लिए पीआईबी फैक्ट प्रणाली की शुरुआत की गई । इस पहल ने सोशल मीडिया पर गहरा प्रभाव छोड़ा और फेक न्यूज़ को कम करने में अहम भूमिका निभाई ।
- दूरदर्शन-धारावाहिकों 'रामायण' और 'महाभारत' के पुन: प्रसारण दूरदर्शन को दर्शकों के रिकॉर्ड को तोड़ने में सहायक रहे। डीडी नेशनल और डीडी भारती तब से बड़े पैमाने पर दर्शकों का आनंद ले रहे हैं।
- डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम ने कम्यूनिटी रेडियो के लिए 89.6 और 90.0 मेगा हर्ट्ज़ की अतिरिक्त फ्रीक्वेंसी प्रदान की ।

प्रधानमंत्री - किसान

प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत 9.25 करोड़ से अधिक किसान परिवार लाभान्वित हुए और अब तक लॉकडाउन अवधि के दौरान 18,517 करोड़ रुपये वितरित किए गए ।

प्रधानमंत्री – फसल बीमा योजना

लॉकडाउन अवधि के दौरान पीएम फसल बीमा योजना के तहत **6003.6 करोड़** रुपये की राशि के कुल दावे निपटाए गए।



लॉकडाउन के दौरान भी बच्चों की पढ़ाई न छूटे, इसका पूरा ख्याल रखा गया है।

- प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक छात्रों के लिए वैकल्पिक तरीकों के माध्यम से घर पर शिक्षा प्रदान करने के लिए **वैकल्पिक शैक्षणिक कैलेंडर तैयार किया** और इसे जारी किया।
  - एनसीईआरटी ने स्वयं पोर्टल पर कक्षा XI & XII के छात्रों और शिक्षकों के लिए 28 ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरु किए। इसमें 90,000 छात्रों ने पंजीयन कराया।
  - ई-पाठशाला के तहत 367 पाठ्यपुस्तकें तैयार की गईं।
  - ई-पाठशाला पर लगभग 14,442 ई- पाठ्यसामग्री मुफ्त संसाधन के रुप में उपलब्ध है।

स्वयं प्रभा टीवी चैनल्स

- 32 चैनलों का एक समूह उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक कार्यक्रम के प्रसारण के लिए समर्पित है।
- इन चैनलों की पहुंच बढ़ाने के लिए निजी डीटीएच ऑपरेटरों के साथ समझौता किया गया है ।
- एनसीईआरटी ने अप्रैल, 2020 से डीटीएच चैनल पर इंटरएक्टिव कक्षाएं संचालित की हैं जो अधिकांश वैकल्पिक शैक्षणिक कैलेंडर पर सभी स्तरों के लिए आधारित है।

छात्रों के लिए पदोन्नति नीति

- कक्षा एक से कक्षा आठवीं तक के छात्रों को अगली कक्षाओं के लिए उत्तीर्ण किया गया ।
- कक्षा IX और कक्षा XI के छात्रों को आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर अगली कक्षा में उत्तीर्ण किया जाएगा।

ऑनलाइन शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों और अकादमिक कैलेंडर/ परीक्षाओं से निपटने के लिए 3 टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

- स्कूलों की गर्मियों की छुट्टियों के दौरान 12 करोड़ से अधिक बच्चों को मिड डे मील प्रदान गया है।

- छात्र हेल्पलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया जहाँ छात्रों को आवास, भोजन, ऑनलाइन कक्षाएं, उपस्थिति, परीक्षा, स्कॉलरशिप, स्वास्थ्य, यातायात और यौन हिंसा से जुड़े मुद्दों पर सहायता दी जाएगी ।

नए भारत का उदय

धारा 370 निरस्त-

- धारा 370 को निष्प्रभावी करते हुए भारत के साथ जम्मू और कश्मीर का वास्तविक एकीकरण।
- कश्मीर को भारत के साथ एकजुट होने और राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल होने में मदद की है।
- जम्मू और कश्मीर के विकास में गति।
- क्षेत्र के युवकों के लिए अभूतपूर्व अवसर।
- क्षेत्र में निजी निवेशकों के द्वार खुले।
- आतंकवाद और गरीबी को जड़ से उखाड़ फेंका।
- https://www.youtube.com/watch?v=n0bNYhPJnxk

लद्दाख की मांग पूरी होना

- राज्यों के बिल के पुनर्गठन के तहत एक ऐतिहासिक विधेयक पारित हुआ, जिससे कश्मीर से लद्दाख को अलग किया गया। इसके साथ ही लद्दाखवासियों के 70 वर्षों की मांग पूरी हुई।
- लद्दाख को एक अलग संघ राज्य क्षेत्र का दर्जा दिया गया जिसमें क्षेत्र की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से गंभीर सर्दी की अवधि के दौरान राज्य के अन्य क्षेत्र से कट जाने के कारण किसी विधायिका का प्रावधान नहीं रखा गया है।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को लाभ पहुंचाना

- केंद्रीय कानून अब जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में लागू हैं

अयोध्या का फैसला

- इस ऐतिहासिक निर्णय ने एक सदी से अधिक पुराने विवाद को समाप्त कर राष्ट्र में सामाजिक समरसता और सद्भावना उत्पन्न की।
- https://www.youtube.com/watch?v=bNAyGTOLzxU

बोडो समझौते पर हस्ताक्षर

- प्रधानमंत्री के विजन 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' ने एक और सफलता प्राप्त की।
- 50 वर्षों से अधिक बोडो संकट को समाप्त करने के लिए एक व्यापक समझौता किया।
- असम की क्षेत्रीय अखंडता आश्वस्त की गई।
- बोडो क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 1500 करोड़ रुपये का विशेष विकास पैकेज।
- https://www.youtube.com/watch?v=QFf41Nek4X8
- https://www.youtube.com/watch?v=lfhMqYrdi0U

ब्रूयांग शरणार्थी संकट हल हुआ

- लगभग 34,000 आंतरिक रूप से विस्थापित हुए लोगों को त्रिपुरा में आवासित कराया गया।
- त्रिपुरा को ब्रूयांग शरणार्थियों के पुनर्वास और सर्वांगीण विकास के लिए लगभग 600 करोड़ रुपए दिया जाना।

त्रिपुरा में आतंक का अंत

- त्रिपुरा में आतंक को समाप्त कर उन्हें मुख्यधारा में शामिल किया गया।
- भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार और नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी-एसडी) द्वारा समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019

- भारत के पड़ोसी देशों में सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया।
- पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के आधार पर हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों को भारतीय नागरिकता प्रदान की गई
- पूर्वोत्तर के लोगों की भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान संरक्षित होगी

उत्तर-पूर्व, नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर (एनआरसी) पर ध्यान केंद्रित करना

- नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर (एनआरसी) असम में प्रकाशित।

दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव का विलय

- इन राज्यों का विलय न केवल प्रशासनिक दक्षता में सुधार करेगा बल्कि प्रशासनिक व्यय को कम करेगा। इसके साथ ही इससे जनशक्ति का उपयोग उचित रूप से होगा, सेवा वितरण में सुधार होगा और योजनाओं की बेहतर निगरानी हो सकेगी। यह निर्णय अधिकारियों के बेहतर कैडर प्रबंधन को भी सुनिश्चित करेगा।

करतारपुर कॉरिडोर

- करतारपुर कॉरिडोर के उद्घाटन के माध्यम से सिख धर्म की समृद्ध संस्कृति का सम्मान करना और उसे बढ़ावा देना
- भारतीय मूल के सभी धर्मों के तीर्थयात्री इस कॉरिडोर का उपयोग कर सकते हैं
- यात्रा वीजा मुक्त होगी
- तीर्थयात्रियों को केवल एक वैध पासपोर्ट ले जाने की आवश्यकता है
- https://www.youtube.com/watch?v=rGMxbTq79yA

शस्त्र संशोधन अधिनियम

- अधिक सुरक्षित समाज के लिए फायरआर्म्स का बेहतर विनियमन।
- यह अधिनियम अवैध निर्माण, बिक्री, हस्तांतरण और अवैध अधिग्रहण जैसे मौजूदा अपराधों के लिए सजा को बढ़ाता है। बारूद को रखना या ले जाना; फायरआर्म्स की अवैध तस्करी मानव जीवन को खतरे में डालने वाली गोलियां निषिद्ध हथियारों पर प्रतिबंध

रक्षा स्टाफ प्रमुख (सीडीएस) के पद का सृजन

- देश में उच्च रक्षा प्रबंधन में सुधार के लिए गए ऐतिहासिक निर्णय में, सरकार ने फोर स्टार जनरल के पद पर रक्षा स्टाफ प्रमुख (सीडीएस) के पद के सृजन को मंजूरी दी, जिसमें सेना प्रमुख के समकक्ष वेतन और अनुलाभ होंगे।
- तदनुसार जनरल बिपिन रावत ने 1 जनवरी 2020 को रक्षा स्टाफ प्रमुख (सीडीएस) का पद ग्रहण किया।
- रक्षा स्टाफ प्रमुख (सीडीएस) के रूप में, वह सभी तीनों रक्षा सेवाओं के मामलों पर रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार हैं और सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) के प्रमुख हैं।
- रक्षा स्टाफ प्रमुख (सीडीएस) की नियुक्ति 15 अगस्त, 2019 को प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में की गई घोषणा के बाद की गई।

नेताजी की फाइलों तक सभी की पहुंच

- नेता जी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज से संबंधित सभी अभिलेखों का विवर्गीकरण पूरा हो चुका है। सभी अभिलेख भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार में रखे गए हैं। नेताजी की फाइलें ऑनलाइन पोर्टल www.netajipapers.gov.in पर अपलोड की गई हैं

प्रधानमंत्रियों पर एक संग्रहालय

- भारत के प्रधानमंत्रियों के जीवन पर आधारित एक अत्याधुनिक संग्रहालय के निर्माण के लिए 226 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस संग्रहालय के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने वाले सभी प्रधानमंत्रियों द्वारा किए गए कार्यों, योगदानों और उनके जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा।

यंग इंडिया वाइब्रेंट इंडिया

स्टार्टअप इंडिया

- स्टार्टअप नीति को शामिल करते हुए स्टार्टअप इंडिया विजन 2025 को व्यापक हितधारक परामर्शों के आधार पर तैयार किया गया है।
- राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद (एनएसएसी) का गठन किया गया है
- स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत अब कुल 31,624 स्टार्टअप्स को मान्यता दी गई है, जिनमें से 13,647 स्टार्टअप को 1 मई 2019 से मान्यता प्राप्त है।
- स्टार्टअप्स और उनके निवेशकों के लिए एंजेल टैक्स प्रावधानों को वापस लिया गया।
- 266 स्टार्टअप्स को फरवरी 2020 तक आयकर अधिनियम की धारा 80 आईएसी के तहत छूट दी गई है

यंग इंडिया वाइब्रेंट इंडिया

पीएम ई-विद्या

- शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक पहल। यह पहल डिजिटल/ऑनलाइन/ऑन-एयर प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा के लिए मल्टी-मोड का उपयोग करने में सक्षम होगी।
- इससे देशभर में लगभग 25 करोड़ स्कूल जाने वाले बच्चों को लाभान्वित किया जाएगा।

मनोदर्पण

- मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक भलाई के लिए छात्रों, शिक्षकों और परिवारों को मनोसामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए एक पोर्टल।

उच्च शिक्षा में ई-लर्निंग

- ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरु करने के लिए शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों का चयन ।
- पारंपरिक विश्वविद्यालयों और ओडीएल कार्यक्रमों में ऑनलाइन कंपोनेंट को वर्तमान 20% से बढ़ाकर 40% किया जाना है। विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लगभग 3.7 करोड़ छात्रों को सीखने के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

केंद्रीय और जवाहर नवोदय विद्यालयों को बढ़ावा देना

- 31 नए केंद्रीय विद्यालय खोले गए, 18 नए केवी भवनों का उद्घाटन और 7 नए केवी भवनों का शिलान्यास, 8 भवनों का निर्माण।
- पिछले एक वर्ष के दौरान 9 नए जवाहर नवोदय विद्यालयों को कार्यात्मक बनाया गया।
- उत्तराखंड के श्रीनगर के सुमरी गाँव में एनआईटी, उत्तराखंड का स्थायी परिसर स्थापित किया गया।
- निःशुल्क वर्दी: प्राथमिक स्तर पर बीपीएल, एससी और एसटी लड़कों को लड़कियों सहित निः शुल्क वर्दी के लिए 4716.81 करोड़ रुपये प्रदान किए गए (कक्षा एक से आठ तक)।
- निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें: प्राथमिक स्तर पर 9.9 करोड़ बच्चों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकों के लिए 3099.62 करोड़ रुपये प्रदान किए गए (कक्षा एक से आठवीं तक ब्रेल और दृष्टि दोष वाले बच्चों के लिए बड़े प्रिंट वाली किताबें)।
- मदरसों/अल्पसंख्यकों को शिक्षाः वर्ष 2019-20 के दौरान मदरसों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए लगभग 120 करोड़ रुपये मंजूर किए गए और अल्पसंख्यक संस्थानों में अवसंरचना विकास के लिए 71 करोड़ रुपये जारी किए गए।

यंग इंडिया वाइब्रेंट इंडिया

डिजिटल पहल:

- 'शगुन' : स्कूली शिक्षा के लिए एक एकीकृत ऑनलाइन जंक्शन शुरु किया गया। 1200 केन्द्रीय विद्यालयों, 600 नवोदय विद्यालय, 18000 अन्य सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों, 30 एससीईआरटी, 19000 एनसीटीई से संबद्ध संगठन, वेबसाइट के साथ शगुन एकीकृत है।

'ध्रुव'

- असाधारण प्रतिभाशाली छात्रों के मार्गदर्शन के लिए अनूठी पहल 'प्रधानमंत्री नवीन शिक्षण कार्यक्रम - ध्रुव 'का शुभारंभ

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020

- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 को पारित किया गया, जो 25 मार्च 2020 से लागू है।
- यह अधिनियम (i) राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली, (ii) श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली और (iii) राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालयों में परिवर्तित करता है।

केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम 2019

- दो नए विश्वविद्यालय- केंद्रीय विश्वविद्यालय और केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे।

केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान (शिक्षक संवर्ग में आरक्षण)

- 9.7.2019 का नोटिफाई किया गया ताकि सेन्ट्रल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन को एक यूनिट मानकर रोस्टर बनाया जा सके



हमारे कामगारों के जीवन को गरिमापूर्ण बनाना

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना

- 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के असंगठित श्रमिकों, जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से कम है, के लिए स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना,
- इस योजना के तहत, अंशधारक को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद प्रति माह 3,000 रुपये की न्यूनतम सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को 55 रुपये मासिक (18 वर्ष की आयु) योगदान करना पड़ता है और यह उम्र के अनुसार बदलता रहता है।
- इसके अलावा, यदि श्रमिक की मृत्यु हो जाती है, तो लाभार्थी का जीवनसाथी पेंशन का 50% पारिवारिक पेंशन के रुप में प्राप्त करने का हकदार होगा।

ईपीएस और ईएसआई में संशोधन

- पेंशनभोगी जो पेंशन संराशीकरण के साथ पेंशन प्राप्त कर रहा है उनकी 15 वर्ष के बाद पेंशन संराशीकरण राशि बहाल कर दी जाएगी, जिससे 6.3 लाख पेंशनभोगियों को इसका लाभ मिलेगा।
- श्रम मंत्रालय ने 2018-19 के लिए ईपीएफ पर 8.65% ब्याज दरों को अधिसूचित किया जो पहले 8.55% था। इससे करीब छह करोड़ ईपीएफ खाताधारकों को लाभ होगा।
- सरकार ने कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों के लिए ईएसआई अधिनियम के तहत योगदान की दर 6.5% से घटाकर 4% कर दी। इसका लाभ 3.6 करोड़ कर्मचारियों और 12.85 लाख नियोक्ताओं को होगा।

श्रम कानून

- प्रधान मंत्री के विजन के तहत द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग की सिफारिशों के अनुरुप केंद्रीय और राज्य श्रम कानूनों के बहुलता को 4 संहिताओं में सुव्यवस्थित किया जा रहा है। ये चार श्रम संहिताएं मौजूदा केंद्रीय श्रम कानूनों के प्रासंगिक प्रावधानों के समामेलन, सरलीकृत, और तर्कसंगत बनाने के द्वारा (i) मजदूरी; (ii) औद्योगिक संबंध; (iii) सामाजिक सुरक्षा और कल्याण; और (iv) व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य की स्थिति पर आधारित हैं।

मजदूरी कोड 2019

- संसद के दोनों सदनों से पारित।
- मजदूरी कोड एक ऐतिहासिक क़ानून है, जो संगठित और साथ ही असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी और समय पर मजदूरी के भुगतान के लिए वैधानिक संरक्षण सुनिश्चित करेगा।
- नया अधिनियम ऐतिहासिक है क्योंकि यह महिलाओं के प्रति भेदभाव को दूर करता है और उनका पुरुष के समकक्ष समान मजदूरी सुनिश्चित करता है।
- कई असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों जैसे कृषि श्रमिकों, चित्रकारों, रेस्तरां और ढाबों में काम करने वाले व्यक्तियों और चौकीदारों, जो न्यूनतम मजदूरी के दायरे से बाहर थे, को न्यूनतम मजदूरी का विधायी संरक्षण प्रदान करेगा।

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और वर्किंग कंडीशन विधेयक 2019 संबंधी कोड

- यह कोड 10 या अधिक श्रमिकों और सभी खानों तथा बंदरगाहों के श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करने को विनियमित करने का प्रयास करता है।

श्रम सुधार

- मजदूरों के कार्य की तारतम्यता बनाए रखने के लिए निश्चित अवधि का रोजगार
- ईएसआईसी का योगदान 6.5% से घटाकर 4% किया गया
- वेब-आधारित और क्षेत्राधिकार-मुक्त निरीक्षण
- निरीक्षण रिपोर्ट 48 घंटों के भीतर अपलोड की जानी है
- 6 श्रम कानूनों के अनुपालन के संबंध में स्टार्ट-अप के लिए स्व प्रमाणन

सुरक्षा के सभी मामलों में अधिक आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

रक्षा औद्योगिक गलियारा

- भारत सरकार ने रक्षा औद्योगिक गलियारों की स्थापना के लिए तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश को चिह्नित किया है।
- इस उद्देश्य के लिए उत्तर प्रदेश के छह नोडल बिंदु अर्थात् अलीगढ़, आगरा, चित्रकूट, झाँसी, कानपुर और लखनऊ को चिन्हित किया गया है।
- प्रधानमंत्री ने 15 फरवरी 2019 को झांसी (उत्तर प्रदेश) में उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे की आधारशिला रखी।
- इसी प्रकार, तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा के लिए चेन्नई, कोयम्बटूर, होसुर, सलेम और तिरुचिरापल्ली नाम के पांच नोडल बिन्दु की पहचान की गई है।
- दोनों गलियारों ने पहले वर्ष में ही अच्छी प्रगति की है।
- उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारा के लिए लगभग 3,700 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव किए गए हैं और तमिलनाडु रक्षा गलियारा के लिए 3,100 करोड़ रुपये के प्रस्ताव किए गए हैं।

राइफल्स की एके सीरीज के उत्पादन, रखररखाव और विकास के लिए कलाश्निकोव, रूस और आयुध निर्माण बोर्ड का संयुक्त उद्यम

- राइफल एके-203 के उत्पादन और कम से कम 7,50,000 राइफल्स के भारत में इसके आशोधनों के लिए आयुध निर्माण बोर्ड, कलाश्निकोव और रोसोनबोरोन एक्सपोर्ट्स (दोनों रुस के) के बीच एक संयुक्त उद्यम का गठन किया गया। यह एके-203 राइफल्स का रखरखाव, संचालन और मरम्मत भी करेगा और उनकी तकनीकी सहायता के लिए आश्वस्त करेगा।
- नए अनुप्रयोगों के लिए राइफल्स के डिजाइन और विकास सहित संयुक्त आधुनिकीकरण, तीसरे पक्ष के उपकरणों के प्रतिस्थापन और अन्य कलाश्निकोव सीरीज के छोटे हथियारों के निर्माण सहित उन्नयन। तीसरे देशों के बाजार के लिए भारत में निर्मित राइफल्स एके-203 का संयुक्त विपणन और उनके लिए तकनीकी सहायता सुनिश्चित करना।

राफेल, अपाचे, चिनूक का समावेशन

- भारत को अक्टूबर 2019 में मध्यम मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट राफेल प्राप्त हुआ। उनमें से कुछ के इस वर्ष के अंत में भारत आने की उम्मीद है। यह भारतीय वायुसेना की युद्धक क्षमता को बढ़ाएगा और इसके लड़ाकू स्क्वाड्रन ताकत में सुधार होगा।
- भारतीय वायु सेना को 17 अपाचे हेलीकॉप्टर भी मिले। अपाचे एक टेंडेम सीटिंग, दिन/रात, सभी मौसम के लिए एक सक्षम प्लेटफार्म है। यह अत्यधिक चुस्त है, जो युद्ध की क्षति के बाद भी सही स्थिति में रहता है और क्षेत्र की स्थितियों में भी आसानी से व्यवस्थित रखा जा सकता है।
- मार्च 2019 से चंडीगढ़ और मोहनबाड़ी में पंद्रह चिनूक हेलीकॉप्टरों को भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया। चिनूक का ओपी एक्स्पलॉइटेशन प्रारंभ हो गया तथा ओपी मेघदूत क्षेत्र में 15900 फीट में परीक्षण लैंडिंग पूरा किया गया।

नौ सेना में न्यू स्टीमर फ्रिगेट शामिल

- नेवी में पहला न्यू स्टीमर फ्रिगेट शामिल स्वदेशी निर्मित पनडुब्बी आइ एन एस खंडेरी को कमिशन किया गया।
- नेवी का पहला जहाज 17A फ्रिगेट्स नीलगिरी लॉन्च किया गया।
- भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा ड्राई डॉक - एयरक्राफ्ट कॅरियर डॉक नेवल डॉकयार्ड को मुंबई में कमिशन किया गया।

अटल सुरंग

- पूर्ववर्ती रोहतांग सुरंग का नाम बदलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 25 दिसंबर 19 को "अटल सुरंग" कर दिया। इस 8.8 किलोमीटर लंबी सुरंग को सितंबर 2020 तक पूरा किया जाना निर्धारित है। यह सड़क मनाली और लेह के बीच सड़क की 46 किलोमीटर की लंबाई को कम करेगी और लाहौल और स्पीति घाटियों को सभी मौसम में आपस में जोड़े रखेगी।

सबसे छोटा मानसरोवर यात्रा मार्ग

- उत्तराखंड से मानसरोवर यात्रा के लिए सबसे छोटा मार्ग, राष्ट्र को समर्पित किया गया । गत्तीबाग से लिपुलेख की लंबाई 79 कि. मी. है जो 2020 से वाहन से तय की जाएगी ।

लद्दाख के लिए वैकल्पिक मार्ग: नीमू-पदम-दरचा रोड

- लद्दाख को एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करने के लिए नीमू-पदम-द्वार (एन-पी-डी) सड़क का निर्माण किया जा रहा है। वांगला के माध्यम से कनेक्टिविटी सितंबर 2020 तक की जाएगी। सभी मौसम में कनेक्टिविटी के लिए शिंकुनला दर्रे पर सुरंग प्रस्तावित है।

सेला सुरंग

- रणनीतिक रुप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग पर 20 जून को काम शुरु होगा ।
- जिसके मार्च 2022 तक पूरा करने की योजना है।

विश्व के पटल पर चमकता भारत

हाउडी मोदी, नमस्ते ट्रम्प

- हाउडी मोदी और नमस्ते ट्रम्प ने भारत - अमेरिका के रिश्ते और दोनों नेताओं के उत्साहवर्धक मैत्रीपूर्ण संबंधों को दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया। अमेरिकी राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री दोनों ने आतंकवाद के विरुद्ध एक साथ काम करने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धताएं व्यक्त कीं।

https://www.youtube.com/watch?v=csLfft9Ofns
https://www.youtube.com/watch?v=qR0pA4S0O8I
https://www.youtube.com/watch?v=IEQ2J_Z1DdA

वुहान स्पिरिट, ममल्लापुरम कनेक्ट

- भारत-चीन संबंधों में नए युग की शुरुआत
- वर्ष 2020 को भारत - चीन सांस्कृतिक संबंधों और विचारों के आदान-प्रदानके वर्ष के रुप में जाना गया। दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और भाईचारा सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे और अतिरिक्त विश्वास बहाल करने के उपायों की दिशा में काम किया जाएगा।

https://www.youtube.com/watch?v=xnjyXOI4QQM

प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तिगत जुड़ाव कई द्विपक्षीय संबंधों में देखा गया

- मालदीवः चुनाव के बाद प्रधानमंत्री अपनी पहली विदेश यात्रा पर मालदीव गए वहां उन्होंने उनकी संसद को संबोधित किया और उन्हें मालदीव का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार - ऑर्डर ऑफ निशानइज़्ज़ुद्दीन दिया गया।
- श्रीलंकाः प्रधानमंत्री ने सेंट एंथोनी जाकर वहां के नागरिकों के लिए एकजुटता दिखाई। इस स्थान मेंईस्टर के दौरान बम विस्पोट हुए थे। ऐसा करने वाले प्रधानमंत्री पहले वैश्विक नेता है।
- भूटानः प्रधानमंत्री ने मंगदेछु पनबिजली संयंत्र का उद्घाटन किया और प्रधानमंत्री ने लोटे टीशेयरिंग के साथ बातचीत की।
- सउदी अरबः प्रधानमंत्री ने हाई-प्रोफाइल फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में मुख्य भाषण दिया और व्यापक द्विपक्षीय चर्चा की।
- यूएईः प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया इसके लिए उन्हें यूएई का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ऑर्डर ऑफ जायद से सम्मानित किया गया।
- बहरीनः बहरीन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने और उन्होंने वहां अंतरिक्ष, संस्कृति, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और रुपे कार्ड संबंधी 3 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।
- राष्ट्रपति मैक्रोन और चांसलर मर्केल के साथ द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

आरसीईपी के संबंध में मजबूती से अपनी बात रखी

- वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी ने बिना किसी के दबाव पर आए कार्य किया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम पारस्परिक सहयोग की भावना के साथ कार्य करते हैं लेकिन अपने हितों का त्याग नहीं कर सकते।
- उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने अन्य देशों के बाजारों के लिए हमारे देश का दरवाजा तो खोला लेकिन उनके बाजार खोलने में विफल रही।
